>

Title: Alleged excesses being committed by police in Uttar Pradesh.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। इस समय मौजूदा सरकार का, उत्तर प्रदेश में तीन माह का कार्यकाल पूरा हुआ है, लेकिन इस सरकार के कार्यकलापों ने प्रदेश में दहशत और भय का माहौल पैदा कर दिया है। पिछले तीन वर्षों और उससे भी पुराने केसों को उखाड़ा जा रहा है और गलत ढंग से मुकदमे दर्ज कर, वारदात दिखाकर राजनीतिक लोगों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखकर पुलिस को बड़ी मात्रा में ले जाकर उनके घरों में तोड़-फोड़ करते हैं और उनके बच्चों और रिश्तेदारों को बेइज्जत करते हैं। इसका उदाहरण उ.प्र. के पूर्व गन्ना राज्य मंत्री स्वामी ओमेश जी हैं। ...(व्यवधान) भारी पुलिस लेकर उनके आश्रम में घुस गए जहां साधु-सन्यासी रहते हैं.। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपका रिकॉर्ड पर नहीं जा रहा है। आप कृपया बैठ जाइए।

श्री शैलेन्द्र कुमार : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मुंशी राम जी द्वारा उठाए गए विषय से अपने आपको सम्बद्ध करता हूं। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY SPEAKER: Now, Shrimati Jayaben B. Thakkar.